बिहार सरकार
खान एवं भूतत्व विभाग

सं0सं0– प्र0–IV लघु खनिज (स्टो0)–15/26–6699../एम0, पटना, दिनांक–14/10/26

Email

प्रेषक,

भारत भूषण प्रसाद,
सरकार के अपर सचिव।

सेवा में,

आई0टी0 मैनेजर,
खान एवं भूतत्व विभाग,
बिहार, पटना।

विषयः– Consultant चयन हेतु कोटेशन आमंत्रण सूचना विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक संबंध में निदेशानुसार कहना है कि रोहतास जिलान्तर्गत जिला सर्वेक्षण प्रतिवेदन में वन क्षेत्र में चिन्हित करबंदिया ब्लॉक–4 (473 हे0)/गिजवाही ब्लॉक–3 (5.33 हे0) पत्थर भूखण्ड का राजस्व हित में यथाशीघ्र बंदोबस्ती हेतु ई–नीलामी के प्रयोजनार्थ वन भूमि से गैर वनीकरण कार्य हेतु अपयोजन प्रस्ताव MOEF&CC को परिवेश पोर्टल पर समर्पित करने, समर्पित प्रस्ताव का नियमित अनुश्रवण करने, आदि कार्यों हेतु Consultant का चयन हेतु Consultant चयन हेतु कोटेशन आमंत्रण सूचना संलग्न है, जिसे विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

अनु0ः–यथोक्त।

विश्वासभाजन

13/10/26

सरकार के अपर सचिव

बिहार सरकार

खान एवं भूतत्त्व विभाग

Consultant चयन हेतु कोटेशन आमंत्रण सूचना

रोहतास जिलान्तर्गत जिला सर्वेक्षण प्रतिवेदन में वन क्षेत्र में चिन्हित करबंदिया ब्लॉक–4 (473 हे0) / गिजवाही ब्लॉक–3 (5.33 हे०) का राजस्व हित में यथाशीघ्र बंदोबस्ती हेतु ई–नीलामी के प्रयोजनार्थ वन भूमि से गैर वनीकरण कार्य हेतु अपयोजन प्रस्ताव MOEF&CC को परिवेश पोर्टल पर समर्पित करने, समर्पित प्रस्ताव का नियमित अनुश्रवण करने आदि कार्यों हेतु Consultant का चयन की स्वीकृति दी गयी है। उक्त कार्य हेतु दक्ष एवं इच्छुक consultant agency या व्यक्ति सूचना प्रकाशन के 03 दिनों के अन्दर अपना कोटेशन संयुक्त सचिव, खान एवं भूतत्व विभाग, बिहार, पटना को संबोधित बंद लिफाफा में गठित क्रय समिति के समक्ष समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे।

13/1/26.

(भारत भूषण प्रसाद)
सरकार के अपर सचिव

बिहार सरकार
खान एवं भूतत्व विभाग

।। कार्यालय आदेश ।।

रोहतास जिलान्तर्गत जिला सर्वेक्षण प्रतिवेदन में वन क्षेत्र में चिन्हित करबंदिया ब्लॉक–4 (473 हे0)/गिजवाही ब्लॉक–3 (5.33 हे0) पत्थर भूखण्ड का राजस्व हित में यथाशीघ्र बंदोबस्ती हेतु ई–नीलामी के प्रयोजनार्थ वन भूमि से गैर वनीकरण कार्य हेतु अपयोजन प्रस्ताव MOEF&CC को परिवेश पोर्टल पर समर्पित करने, समर्पित प्रस्ताव का नियमित अनुश्रवण करने, आदि कार्यों हेतु Consultant का चयन की स्वीकृति दी गयी है। निदेशानुसार Consultant चयन हेतु क्रय समिति का गठन निम्न प्रकार किया जाता है :–

I. श्री सुनील चौधरी, संयुक्त सचिव।

II. श्री सनोज कुमार, आंतरिक वित्तीय सलाहकार।

III. श्री पीयूष कुमार सिंह, निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी।

IV. श्री राजेश कुमार कुशवाहा, सहायक निदेशक (मु0)।

V. श्री लाल बिहारी प्रसाद, खनिज विकास पदाधिकारी (मु0)।

VI. श्री मणिकान्त शर्मा, प्रशाखा पदाधिकारी।

2. उपरोक्त समिति बिहार वित्तीय नियमावली के तहत विभागीय वेबसाईट पर कोटेशन आमंत्रित कर एक सप्ताह के अन्दर consultant का चयन किया जाना सुनिश्चित करेंगे।

3. उक्त पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

(भारत भूषण प्रसाद)
सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांकः– प्र0–IV लघु खनिज (स्टो0)–15/26–...../एम0, पटना, दिनांक–.....
प्रतिलिपिः–सभी संबंधित पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांकः– प्र0–IV लघु खनिज (स्टो0)–15/26–...../एम0, पटना, दिनांक–.....
प्रतिलिपिः–सचिव के वरीय प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

सरकार के अपर सचिव